सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7494	02.07.2023	03.07.2023	Balod Chhattisgarh	www.ndtv.in/Hindi https://ndtv.in/mp-chhattisgarh-news/chhattisgarh-more-than-245-people-are-sick-so-far-due-to-fever-and-diarrhea-in-khuteri-4170403
Title:	**More than 245 people sick due to fever and diarrhoea in khuteri, in Balod, Chhattisgarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Balod, SSU- Chhattisgarh			

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में गुंडरदेही ब्लॉक के खुटेरी में लगातार बुखार, दस्त, सर्दी-खांसी और डायरिया के मामले बढ़ रहे हैं. अब तक 246 से ज़्यादा लोग बीमार पड़ चुके हैं. मरीज़ों की बढ़ती संख्या के चलते स्वास्थ्य अमला भी अलर्ट मोड़ पर काम कर रहा है. गांव में ही अस्थाई कैम्प लगाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है. बीते शुक्रवार को बुखार के 21 और दस्त के 2 मामले दर्ज किए गए. वहीं लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या को लेकर सीएमएचओ डॉ. जेएल उइके के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला एवं ब्लॉक स्वास्थ्य विभाग की काम्बेक्ट टीम बनाकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांव का निरीक्षण किया.

विभाग ने मरीजों की स्तिथि सामान्य होने की पुष्टि की

निरीक्षण के दौरान सभी जल स्रोतों के पानी की जांच करने के निर्देश दिए गए. वहीं खुटेरी में सरपंच, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिन, स्थानीय कार्यकर्ताओं (महिला/पुरुष) की बैठक में लोगों को पानी उबालकर पीने, खाने को ढंककर रखने, बासी भोजन का सेवन न करने और पानी में क्लोरीन की गोलियां मिलाकर इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है. वहीं इस निरीक्षण के बाद से सभी मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य होने पुष्टि की गई है और गंभीर हालत के मरीजों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुण्डरदेही में इलाज के लिए भेजने के निर्देश दिए गए हैं.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

निरीक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पीएल मेरिया, जिला सर्वेलेस अधिकारी आईडीएसपी डॉ. संजीव ग्लेड, खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुण्डरदेही डॉ. सत्येन्द्र मारकण्डेय, प्रभारी महामारी विशेषज्ञ संदीप मेश्राम, जिला डाटा प्रबंधक रवि भूषण सोनबरसा, जिला सलाहकार मलेरिया सुर्यकांत साहू प्रभारी एवं समस्त कर्मचारी शामिल रहे.

संसदीय सचिव ने की मरीजों से मुलाकात

क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने खुटेरी पहुंचकर मरीजों से मुलाक़ात की और उनका हाल जाना. उन्होंने मरीजों से बातचीत कर बेहतर स्वास्थ्य दिलाने और हर संभव मदद करने की बात कही. इस दौरान संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और स्वास्थ्य विभाग को मरीज़ों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने को कहा. साथ ही स्वास्थ्य अमले को तैनाती के साथ गांव में रहने की कड़ी हिदायत भी दी गई.

13 दिनों में 246 मरीज मिले

खुटेरी में लगातार बुखार, दस्त, डायरिया और सर्दी खांसी के मरीज मिलने से यहां रहने वाले लोग भी परेशान हैं. बीते 13 दिनों में कुल 246 मरीज मिल चुके है. 19 जून को 104, 20 जून को 28, 21 जून को 14, 22 जून को 14, 23 जून को 13, 24 जून को 5, 25 जून को 14, 26 जून को 6, 27 जून को 2, 28 जून को 6, 29 जून को 5, 30 जून को 23 और 01 जुलाई को 12 मरीज़ सामने आए. वहीं मरीज़ों की संख्या में बढ़ोतरी होने का ये सिलसिला फिलहाल जारी है लेकिन ग्रामीणों के बीमार होने का ये सिलसिला कब तक थमेगा ये कह पाना अभी मुश्किल है. आपको बता दें कि गांव की जनसंख्या 1 हजार 451 है.